प्रेस विज्ञप्ति

# क्राइस्ट इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने लवासा सिटी में कैंपस गतिविधियां की शुरु

## वित्त और विपणन में विशेषज्ञता के साथ दो साल के पीजीडीएम कोर्सेज की हुई शुरूआत

## जून 2014 से होगी पाठ्यक्रम की शुरूआत

**20 मई 2014, मुंबई:** प्रतिष्ठित क्राइस्ट यूनिवर्सिटी बैंगलोर के प्रमोटर क्राइस्ट यूनिवर्सिटी ट्रस्ट द्वारा स्थापित क्राइस्ट इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने पुणे के निकट स्थित भारत की पहली हिल सिटी लवासा सिटी में कैंपस गतिविधियों की शुरुआत की। इससे सीआईएम लवासा सिटी में आधार स्थापित करने वाली सबसे बड़ी शैक्षिक संस्थाओं में से एक बन गई है। फिलहाल सीआईएम इस जून से फाइनेंस और मार्केटिंग में स्पेशलाइजेशन के साथ दो साल के पूर्णकालिक पीजीडीएम पाठ्यक्रम को पेश करेगी और बाद में लवासा सिटी के शैक्षिक परिदृश्य को और समृद्ध बनाने के लिये पाठ्यक्रमों की संख्या में वृद्धि की जायेगी।

इस एसोसिएशन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए **लवासा कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और सीईओ श्री नाथन एंड्रयूज** ने कहा कि क्राइस्ट इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट के साथ हुई ये साझेदारी अच्छे संस्थानों के साथ शिक्षा और प्रशिक्षण के सहयोग से लवासा सिटी को एक हब के तौर पर विकसित करने के मकसद से हुई है। सीआईएम के प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम यहां के छात्रों के लिए शैक्षिक और प्रबंधकीय उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित करेंगे।

**सीआईएम लवासा सिटी परिसर के उद्घाटन के अवसर पर टिप्पणी करते हुए सीआईएम लवासा के निदेशक डॉ.(फादर) वर्गीज** ने कही कि लवासा सिटी के साथ जुड़कर और उच्च शिक्षा के इस प्रबंधन संस्थान की स्थापना से हम बेहद खुश हैं और भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में हमारे अनुभव से हम शिक्षा के इस उभरते केंद्र का और विस्तार करेंगे।

सीआईएम लवासा सिटी में पाठ्यक्रम को इस प्रकार बनाया गया किया गया है जिससे समग्र शिक्षा और अभिन्न विकास के साथ भविष्य के लिए प्रबंधकों को तैयार किया जा सके। निजी सलाह, कॉर्पोरेट इंटरफेस, इंडस्ट्री यात्रा और लाइव प्रोजेक्ट जैसे प्रशिक्षण के माध्यम से इंडस्ट्री के लिये पेशेवर तैयार किये जाते हैं। सिमुलेशन और रोल प्ले यहां की शिक्षण पद्धति में शामिल हैं जिससे

जटिल और वैश्विक कॉर्पोरेट जगत में होने वाली समस्याओं को सुलझाने में छात्रों को काफी मदद मिलेगी।

लवासा सिटी के साथ जुड़ी अन्य शैक्षिक संस्थाओ में एओसी, ब्रिटेन, पियर्सन, लिटिल मिलेनियम, यूकेआईबीसी, बायोमिमिक्री गिल्ड अमेरिका, सिटी और गिल्डस्, ग्रेट इंडिया, नॉर्थम्प्टन विश्वविद्यालय, क्रिस्टेल हाउस, दून पब्लिक स्कूल, सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी पुणे, इकोले होटिलियर डी लुसाने और एडुकॉम्प जैसे प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं।

## लवासा कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बारे में (एलसीएल)

लवासा भारत का पहला ऐसा सुनियोजित पहाड़ी शहर है जहां लोग रहने और काम करने के सा प्रकृति के साथ सद्भाव में खेल सकते हैं। लवासा दरअसल लवासा कॉरपोरेशन लिमिटेड (एलसीएल) द्वारा विकसित किया जा रहा एक समावेशी शहर है जो 10000 हेक्टेयर में फैला हुआ है और शहरीकरण के नव सिद्धांतों पर आधारित है । सड़क मार्ग से मुंबई से लवासा तक पहुंचने के लिए तीन घंटे लगते हैं जबकि पुणे से यहां एक घंटे में पहुंचा जा सकता है । लवासा आतिथ्य, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार अनुसंधान और उद्योग में वैश्विक नेताओं की मेजबानी करेगा। इस अनोखे पहाड़ी शहर में रहने के लिये समकालीन और कालातीत वास्तुशिल्प डिजाइन से युक्त किराये के मकान, अपार्टमेंट और विला सहित कई विकल्प मौजूद है। अपने अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के साथ ये शहर लोगों को पूर्ण जीवन जीने के लिए सक्षम बनाता है।

**मीडिया पूछताछ के लिए:**


| | |
|---|---|
| **लवासा कॉर्पोरेशनल लिमिटेड** | **ऐडफैक्टर्स पीआर** |
| **श्री अश्विन शेट्टी** - 99670 24293<br><br>ashwin.shetty@lavasa.com | **श्री परीक्षित जोशी** - 98339 17030<br><br>parikshit.joshi@adfactorspr.com |
| **श्री अंकुल भवसार** - 9820168842<br><br>ankul.bhavsar@lavasa.com | **श्री निनाद सिद्धये** - 9619500760<br><br>ninad.siddhaye@adfactorspr.com |


**क्राइस्ट इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट,लवासा**

एफआर. डा. जोशे सी.सी.

मो.9545948876

फोन:020 66753800

इमेल:mail@cimlavasa.in

वेबसाइट:www.cimlavasa.in